समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# रेलवे RPF कांस्टेबल रिजल्ट 2025 घोषित, 42 हजार से ज्यादा उम्मीदवार सफल।

Publisher

Published on 20 Jun 2025

## PET और डॉक्युमेटं वेरिफिकेशन के लिए बुलाए जाएंगे चयनित अभ्यर्थी, रिजल्ट rrbcdg.gov.in पर जारी।

**रेलवे भर्ती**: **रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB)** ने **रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025** का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी थी, वे अपना परिणाम **RRB की आधिकारिक वेबसाइट** rrbcdg.gov.in पर जाकर देख सकते हैं।

बोर्ड की ओर से जानकारी दी गई है कि **स्कोर कार्ड लिंक आज शाम 5 बजे से एक्टिव** किया जाएगा।

**इस बार कुल 42,143 उम्मीदवार पास**
**RRB** द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार **42,143 उम्मीदवारों** को सफल घोषित किया गया है। ये सभी अब **शारीरिक दक्षता परीक्षा** (**PET**), **शारीरिक माप परीक्षण (PMT) और दस्तावेज़ सत्यापन (DV) प्रक्रिया** में भाग लेंगे।

इन प्रक्रियाओं का विस्तृत शेड्यूल जल्द ही **RRB** की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

**कब हुई थी परीक्षा ?**
यह **कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)** देशभर में **2 मार्च से 18 मार्च 2025** तक आयोजित की गई थी। इस भर्ती अभियान के तहत कुल **4,208 कांस्टेबल पदों** पर नियुक्तियां की जाएंगी।

**रिजल्ट ऐसे करे डाउनलोड**
१. **RRB की आधिकारिक वेबसाइट** rrbcdg.gov.in पर जाएं

२. “**RPF Constable Result 2025**” लिंक पर क्लिक करें

३. **अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड डाले ं**

४. **स्क्रीन पर रिजल्ट ओपन हो जाएगा**

५. **रिजल्ट को डाउनलोड करे ंऔर भविष्य के लिए प्रिंट आउट ले ं**

**आगे क्या होगा ?**

१. अ**ब सफल उम्मीदवारों को PET, PMT और DV प्रक्रिया मे हिस्सा लेना होगा** ।

२. **PET और PMT मे ंशारीरिक योग्यता और माप की जांच की जाएगी**

३. **DV (डॉक्युमेटं वेरिफिकेशन) मे ंअभ्यर्थियों के शैक्षणिक और अन्य दस्तावेज़ों की सत्यता की पुष्टि की जाएगी**

४. **अंतिम चयन इन्हीं चरणों के प्रदर्शन पर आधारित होगा ।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.